देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 277 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
अलविदा लता दीदी



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 11 फरवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0°

38243.40

2 वैज्ञानिकों ने बनाया नकली सूरज
7 पंत की ओपनिंग का रिकार्ड शानदार

# सीडीएस को गुंडा कहने वाले उनके नाम पर मांग रहे वोट

**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीनगर स्थित एनआईटी उत्तराखंड के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे। यहां उन्होंने गढ़वाली में सबसे पहले अपना संबोधन शुरू किया। पीएम ने कहा कि चुनाव मैदान में होने के बावजूद पूर्व में मैं देवभूमि आया। देवभूमि की माटी को माथे लगाने का मन था। बाबा केदार ने मुझे पुकारा और मैं यहां सीधे चला आया। उन्होंने कहा कि वीरांगना तीलू रौतेली, पंथ्या दादा, माधो सिंह भंडारी जैसे वीरों की भूमि को मैं प्रणाम करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र उत्तराखंड का विकास करेगा। कल ही उत्तराखंड भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है। ये संकल्प पत्र, इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

## श्रीनगर में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर किया हमला

**उत्तराखंड के लोगों ने हमेशा सजग प्रहरी की तरह देश की रक्षा की**

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मनोरथ सच्चा हो तो बाबा केदारनाथ और बदरीनाथ जी सच्ची इच्छा को पूरा कर ही देते हैं। उनके आशीर्वाद से चुनाव आयोग ने भी और मौसम ने भी मुझे आपके बीच आने और आपके दर्शन करने का सौभाग्य दिया। पीएम ने कहा कि उत्तराखंड के लोगों ने हमेशा सजग प्रहरी की तरह देश की रक्षा की है।

इसमें उत्तराखंड के विकास के लिए, यहां के युवाओं, महिलाओं, किसानों, सभी के लिए नए संकल्प लिए गए हैं। आज पौड़ी गढ़वाल के ऐसे ही वीर सपूत जनरल बिपिन रावत जी की स्मृतियां मुझे भावुक कर रही हैं। उन्होंने देश को दिखाया कि उत्तराखंड के लोगों के पास न केवल पहाड़ जैसा साहस होता है बल्कि हिमालय जैसी ऊंची सोच भी होती है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि उत्तराखंड के लोग कभी भूल नहीं सकते। सेना को लेकर इन लोगों का रवैया क्या रहा है। सेना पर ही सवाल उठाते रहे हैं।

मेरे मन में एक गहरी तकलीफ भी है। मुझे ये जिक्र इसलिए भी करना पड़ रहा है क्योंकि कांग्रेस पार्टी कभी जनरल बिपिन रावत जी को सड़क का गुंडा कहकर अपमानित कर रही थी। आज अपने प्रचार में उन्हीं के कट आउट लगाकर, उनकी फोटो लगाकर वोट मांग रही है। कुर्सी के लिए कोई इस सीमा तक जा सकता है, मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा।

**जिन्हें आस्था ही नहीं, उन्हें भी अब चारधाम की याद क्यों आ रही:** जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जब ये सत्ता में थे, तब इनको कभी 'चारधाम' की याद नहीं आई। जिन्हें यहां आस्था ही नहीं, उन्हें भी अब चारधाम की याद क्यों आ रही है? क्योंकि, उन्हें ये कुर्सी हासिल करने का रास्ता लग रहा है। जबकि भाजपा के लिए चारधाम और देवभूमि का विकास आस्था, संस्कृति और जनसेवा का विषय है।



**भाजपा सरकार ने ही वन रैंक, वन पेंशन' की व्यवस्था लागू की**

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस इतने सालों तक सत्ता में रही, लेकिन वन रैंक वन पेंशन के मामले में लेकर झूठ बोलती रही। ये हमारी ही सरकार है जिसने 'वन रैंक, वन पेंशन' की व्यवस्था लागू की। भाजपा सरकार ही है, जो देहरादून में उत्तराखंड के शहीदों के सम्मान में 'सैन्य धाम' बना रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब अलग उत्तराखंड राज्य बना था, अटल बिहारी वाजपेयी ने आपके सपनों को साकार करने के लिए बड़ा महत्वपूर्ण निर्णय लिया था। उत्तराखंड के लिए सपनें भी हमने मिलकर देखे थे।

**कार्यक्रम स्थल में किया परिवर्तन**

पूर्व में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम श्रीकोट स्थित खेल स्टेडियम में प्रस्तावित था। लेकिन मैदान तक पहुंचने की दिक्कत और एसएसबी के अस्थायी हेलीपैड से दूरी को देखते हुए कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन कर दिया गया। जनसभा एसएसबी हेलीपैड के समीप एनआईटी ग्राउंड में हुई। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल, तीरथ रावत, राज्य सभा सांसद अनिल बलूनी, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत पहुंचे हैं। तीन कृषि कानूनों की वापसी के समय किए गए वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हुए संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनपद ऊधमसिंह नगर आगमन के विरोध का एलान किया था।

## संक्षिप्त समाचार

**14 फरवरी से सात दिनों का अनिवार्य होम क्वारंटाइन हटाया**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा कम होने के साथ ही सरकार ने पाबंदियों में ढिलाइ देनी शुरू की है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने 14 फरवरी से देश में आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए नए कोविड–19 दिशानिर्देश जारी किए हैं। नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार अब विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए एयरपोर्ट पर कोविड–19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद सात दिनों की अनिवार्य आइसोलेशन की आवश्यकता नहीं होगी।

**देश में कोरोना के 67 हजार नए मामले**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में गुरुवार को फिर कमी देखने को मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 67,084 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 1,67,882 लोग ठीक भी हुए हैं। कोरोना के कारण 1241 लोगों की जान भी गई है।

# मोदी सरकार बना रही है दो हिंदुस्तान

## राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बोला हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। 14 फरवरी को मतदान के लिए अब गिनती के दिन ही बाकी हैं। इसी क्रम में चुनाव प्रचार को धार देने के लिए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी गुरुवार को उत्तराखंड पहुंचे हैं। उन्होंने मंगलौर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आड़े हाथ लिया। कहा कि मोदी सरकार दो हिंदुस्तान बना रही है। एक अरबपतियों का और दूसरा बेरोजगारों का।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को लगता है कि सब उनसे डरते हैं, लेकिन मैं नहीं डरता। कहा कि मुझे उन्हें देखकर हंसी आती हैं। राहुल गांधी ने कहा कि एक साक्षात्कार में पीएम मोदी जी ने कहा था कि राहुल नहीं सुनते। क्या आप समझ गए कि इसका क्या मतलब था? इस

**घोषणापत्र के वादों को गिनाया**

राहुल गाधी ने कांग्रेस के घोषणापत्र के वादों को गिनाया। कहा कि हम चार लाख युवाओं को रोजगार देने के साथ ही सिलिंडर के दाम पांच सौ रुपये से कम रखेंगे। पांच लाख परिवारों को सालाना 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। हर गांव, हर द्वार तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जाएंगी। न्याय योजना लाए हैं। भाजपा ने उत्तराखंड को बर्बाद करने का कार्य किया है। कांग्रेस उत्तराखंड को पुनः खुशहाल करने का कार्य करेगी।

मतलब ये हुआ कि ईडी, सीबीआई का दबाव राहुल पर काम नहीं करता और वह पीछे नहीं हटते।

**गरीबों के लिए देश में जगह नहीं:** इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि गरीबों के लिए देश में जगह नहीं है। चीन ने भारत की जमीन दबाई लेकिन नरेंद्र मोदी उस पर नहीं बोलते हैं। मोदी ने नोटबंदी कर देश को बर्बाद किया है। कहा कि जब नोटबंदी हुई तो क्या कोई अरबपति लाइन में लगा? क्या कालाधन बंद हो गया? पीएम मोदी ने जीएसटी लागू कर काम धंधे ठप कर दिए, जिससे युवा बेरोजगार हो गए। कहा कि कोरोना आया तो मोदी बोले थाली बजाओ, मोबाइल की लाइट जलाओ, ये मोदी की सच्चाई है।

यूपीए की सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी से निकाला। लेकिन मोदी सरकार ने फिर इन्हें गरीबी में धकेल दिया है। कहा कि उत्तराखंड में तीन मुख्यमंत्री बदले, क्योंकि वे भ्रष्टाचार में संलिप्त थे। दिल्ली में प्रधानमंत्री नहीं है वहां राजा बैठा हुआ है।


# यूपी में पहले चरण के लिए 58 सीटों पर मतदान खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए सात चरणों में होने वाले मतदान में पहले चरण की वोटिंग धूप निकलने के साथ बढ़ती गई। कोहरे तथा ठंड के बाद धीमी गति से शुरू मतदान ने अब गति पकड़ ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2002 में पहले चरण के मतदान में 11 जिलों के 58 विधानसभा क्षेत्र में 5 बजे तक 57.79 प्रतिशत मतदान हो गया था। प्रातः सात बजे से शाम छह बजे तक होने वाले मतदान में प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के नौ मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी।

मुजफ्फरनगर जिले में सबसे ज्यादा 62.14 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं सबसे कम गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में हुआ। दोनों जिलों में 54.77 औसत वोटिंग हुई। शामली में 61.78 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार मेरठ में 58.52, बागपत में 61.35, हापुड़ में 60.50, बुलंदशहर में 60.52, अलीगढ़ में 57.25, मथुरा में 58.51 तथा आगरा में 56.61 प्रतिशत मतदान हो गया था।

**मतदान**



■शाम 5 बजे तक 57.79 प्रतिशत वोटिंग

**मणिपुर में विधानसभा चुनाव की तारीखों में बदलाव**

मणिपुर में विधानसभा चुनाव की तारीखों में बदलाव कर दिया गया है। इस संबंध में चुनाव आयोग ने गुरुवार को आदेश जारी किया। जानकारी के मुताबिक, मणिपुर में पहले चरण के लिए अब 28 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। इससे पहले यहां पहले चरण का मतदान 27 फरवरी को होना था। इसके अलावा मणिपुर में दूसरे चरण के मतदान की तारीख को तीन मार्च से बदलकर पांच मार्च कर दिया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# फैसले तक धार्मिक कपड़े पहनने पर रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कर्नाटक। हिजाब विवाद को लेकर सुनवाई कर रही कर्नाटक उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई सोमवार, 14 फरवरी, 2022 तक के लिए टाल दी है। कर्नाटक हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने गुरुवार, 10 फरवरी की सुनवाई के दौरान मामले में अंतरिम आदेश देते हुए फैसला

**हाईकोर्ट का आदेश- स्कूल-कॉलेज खोलें, अब सोमवार को सुनवाई**

आने तक धार्मिक कपड़े पहनने पर रोक लगा दी है। साथ ही स्कूल–कॉलेज पुनरु खोलने के लिए निर्देशित किया है।

मार्च 2022 में राज्य बोर्ड की परीक्षाएं होनी हैं और विवाद के कारण अभी पूरे प्रदेश में स्कूल–कॉलेज बंद किए हुए हैं। इससे विद्यार्थियों को बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में हाईकोर्ट ने फिलहाल अंतरिम आदेश जारी किया है।

हाईकोर्ट ने कहा कि वह स्कूल–कॉलेजों को पुनः खोलने के लिए आदेश जारी कर रहा है। साथ ही मामले का निस्तारण होने तक विद्यार्थी किसी भी प्रकार के धार्मिक वस्त्र यानी स्कार्फ, गमछे आदि पहनने की जिद न करें। शांति और सद्भाव बना रहना चाहिए।